# अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न व उनके उत्तर

**विद्यार्थी :** मैं अपनी प्रेजेंटेशन में कैसे सुधार कर सकता हूँ ? क्या अच्छी प्रेजेंटेशन के लिए कोई अंक दिए जाते हैं?

**सीबीएसई:** नहीं, प्रेजेंटेशन के लिए कोई अलग अंक नहीं दिए जाते  लेकिन प्रयास करें कि आप उत्तर के इंपोर्टेंट पॉइंट्स को अंडरलाइन करें और लिखाई साफ हो।

**विद्यार्थी :** तैयारी करते समय, जो भी मैं याद कर रहा हूँ क्या उसे लिखने की ज़रूरत है?

**सीबीएसई:** जी हाँ, यदि आप नोट्स बनाते हैं तो इससे आपको चैपटर को समझने में मदद मिलेगी और आपका आत्मविश्वास बढेगा।

**विद्यार्थी :** यदि कोई विद्यार्थी अपनी प्री-बोर्ड परीक्षा में फेल होता है, तो क्या इसका मतलब यह है कि वह बोर्ड परीक्षा में शामिल नहीं हो सकता ?

**सीबीएसई:** प्री-बोर्ड विद्यार्थियों को यह जानने में मदद करते हैं कि वे बोर्ड परीक्षा के लिए कितनी अच्छी तरह से  तैयार हैं। एक एलिजीबल विद्यार्थी को बोर्ड परीक्षा में उपस्थित होने से नहीं रोका जा सकता।

**विद्यार्थी:** मैं बहुत टेंशन में आ जाता हूँ जब मेरे दोस्त कहते हैं कि वे पूरा सिलैबस 2-3 बार दोहरा चुके  है। मैंने अभी तक एक बार भी पूरा सिलैबस नहीं दोहराया है ?

**सीबीएसई :** घबराएं नहीं, बस अपनी तैयारी पर ध्यान दें। टाइम टेबल बनाएं और रोज़ अभ्यास करें।

**विद्यार्थी :** क्या बोर्ड परीक्षाओं में प्री बोर्ड परीक्षा के अंकों को जोड़ा जाएगा या नहीं ?

**सीबीएसई:** नहीं, प्री-बोर्ड परीक्षा में प्राप्त अंकों को बोर्ड परीक्षा अंकों में नही जोड़ा जाता है।

**विद्यार्थी :** क्या 12वीं बोर्ड परीक्षा में व्हाइटनर (whitener) के प्रयोग की अनुमति है और क्या हम जेल पेन का उपयोग कर सकते हैं?

**सीबीएसई:** व्हाइटनर (whitener) का प्रयोग करने की अनुमति नहीं है। हां, आप ब्लू या रॉयल ब्लू इंक जेल पेन का प्रयोग कर सकते हैं।

**विद्यार्थी:** मैं बोर्ड की परीक्षा में किस प्रकार रि-एपियर हो सकता हूँ ?

**सीबीएसई:** जो विद्यार्थी बोर्ड की 10वीं या 12वीं कक्षा में पास नही होता है, वह बोर्ड की परीक्षा में प्राइवेट केन्डीडेट के रूप में या विद्यालय में प्रवेश प्राप्त नियमित विद्यार्थी के तौर पर रि-एपियर हो सकता है। अधिक जानकारी के लिए बोर्ड की वैबसाइट www.cbse.nic.in देखें।

**विद्यार्थी:** क्या परीक्षक, खासकर भाषा के पेपरों में, शब्द सीमा से अधिक लिखने और स्पेलिंग की गलतियों के कारण अंकों की कटौती करते हैं?

**सीबीएसई:** शब्द सीमा से अधिक लिखने के लिए कोई अंक नहीं काटे जाते। भाषा के पेपरों में स्पेलिंग या अन्य गलतियों के लिए अंक काटे जाते हैं।

**विद्यार्थी :** क्या बोर्ड परीक्षा में सैंपल पेपरों में से प्रश्न पूछे जाएंगे?

**सीबीएसई:** सैंपल पेपर आपको डिजाइन, पैटर्न और प्रश्नों के प्रकारों को जानने में मदद करते हैं। परंतु परीक्षा में सिलेबस के किसी भी हिस्से से प्रश्न पूछे जा सकते हैं। इसलिए, पूरे सिलेबस की अच्छे से तैयारी करें।

**विद्यार्थी :** क्या प्रश्न पत्र के समान सिक्वेन्स (sequence) में उत्तरों को लिखना अनिवार्य है?

**सीबीएसई:** नहीं, आप शुरुआत में उन प्रश्नों का उत्तर दे सकते हैं जो आपको अच्छे से आते हैं। किन्तु प्रत्येक प्रश्न की सही उत्तर संख्या अवश्य लिखें ।

**विद्यार्थी :**क्या परीक्षा में उत्तर लिखने के लिए एक्सट्रा शीट मिलती है ?

**सीबीएसई :** हाँ, उत्तर लिखने के लिए आपको एक्सट्रा शीट मिलेगी।

**विद्यार्थी :** मैं वे जरुरी चैपटर जानना चाहता हूं जिन्हें पढ़कर अच्छे अंक प्राप्त किए जा सकते हैं।

**सीबीएसई:** परीक्षाओं के लिए सेलेक्टिव स्टडी न करें । बोर्ड द्वारा प्रत्येक विषय के लिए सिलेबस निर्धारित है। आप पूरे सिलेबस को अच्छी तरह से पढ़ें और अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए कन्सेप्ट्स को समझने की कोशिश करें ।

**विद्यार्थी :** मैं दसवीं कक्षा में हूं और मुझे अपने प्री-बोर्ड में 76% अंक प्राप्त हुए हैं। क्या इसका मतलब यह है कि मैं बोर्ड परीक्षा में 90% अंक प्राप्त नहीं कर सकता?

**सीबीएसई:** बस अपने बेहतरीन प्रयास जारी रखें, और चिंता न करें। आप उन टापिक्स और विषयों पर अधिक समय दे जो आपको कठिन लगते हैं।

**विद्यार्थी :** मेरी राईटिंग स्पीड बहुत धीमी है, जिस कारण मैं अपना पेपर पूरा नहीं कर पाता हूं। क्या कुछ किया जा सकता है?

**सीबीएसई:** आप लिख कर अभ्यास करें ताकि आपकी स्पीड बढ़े। परीक्षा देते समय, यदि समय कम हो तो, किसी भी उत्तर को लिखने से पहले plan कर लें और अपना उत्तर प्वाइन्ट्स में लिखने का प्रयास करें। कभी भी पूरा प्रश्न न छोड़े।

**विद्यार्थी :** क्या कोई अपनी भाषा में उत्तर लिख सकता है?

**सीबीएसई:** जो पूछा गया है उसी का, शब्द सीमा और दिए गए निर्देशों के अनुसार उत्तर दें।

**विद्यार्थी :** यदि बोर्ड परीक्षा में प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर देने के लिए कोई विकल्प दिया जाता है, तो क्या हम दोनों का उत्तर दे सकते हैं? यदि हां, तो किस उत्तर पर विचार किया जाएगा?

**सीबीएसई:** प्रश्न पत्र में दिए गए निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए। दोनों विकल्पों का उत्तर देने से न केवल बहुमूल्य समय खराब होता है बल्कि इससे परीक्षक भी कन्फ्यूज होता है।

**विद्यार्थी** : मैं बोर्ड परीक्षा देने वाला हूँ और प्री-बोर्ड की तैयारी करते समय मैंने कोर्स पूरा कर लिया। मुझे अब क्या करना चाहिए?

**सीबीएसई:** चूंकि आपने पूरे साल परीक्षा की तैयारी की है, इसलिए चिंता न करें। एक टाइम-टेबल के अनुसार पढाई करें ताकि आप सभी विषयों को दोहरा सकें। इससे आपका आत्मविश्वास बढेगा।

**विद्यार्थी** : कई बार परीक्षा से पहले सुनने में आता है कि पेपर लीक हो गया है एवं प्रश्न पत्र सोशल मीडिया पर देखे जा सकते है?

**सीबीएसई:** सीबीएसई का परीक्षा करवाने का एक फूल्प्रूफ सिस्टम है। इस तरह की अफवाहों और असत्यापित खबरों पर ध्यान न दें फिर भी यदि ऐसी सूचना आपको पता चलती है तो आप तुरंत ई-मेल या फोन के जरिये सीबीएसई से संपर्क करें ।

**विद्यार्थी** : मेरे भाई ने 3 विषयों के लिए सीबीएसई +2 में इम्प्रूवमेंट (improvement) परीक्षा के लिए आवेदन किया है। अब वह केवल एक विषय में इम्प्रूव (improve) करना चाहता है। क्या यह संभव है, या उसे तीनों विषयों के लिए एपियर होना होगा ?

**सीबीएसई:** विद्यार्थी अपनी ईच्छा से एक, ज्यादा या अधिक विषयों में इम्प्रूवमेंट (improvement) परीक्षा दे सकता है। हालांकि ,अधिक विषयों में आवेदन करने और फिर कम विषयों में उपस्थित होने पर , अंक कॉलम में शेष विषयों के तहत "अनुपस्थित "लिखा जाएगा।

**विद्यार्थी** : क्या एक विद्यार्थी जो theory में फ़ेल हो, उसे प्रैक्टिकल परीक्षा दोबारा देना अनिवार्य है?

**सीबीएसई:** नहीं, उसे केवल थ्योरी की परीक्षा देनी होगी पहले प्रक्टिकल परीक्षा के अंक उसमे जुड़ जाएंगे। कृपया इस बारे में जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाईट www.cbse.nic.in पर उपलब्ध परिपत्र देखें ।

**विद्यार्थी :** क्या कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्तर हिंदी माध्यम में देने से विद्यार्थी के अंकों में कटौती होगी?

**सीबीएसई:** नहीं, हिंदी माध्यम में उत्तर देने के लिए विद्यार्थी के अंकों में कटौती नहीं होगी।

**विद्यार्थी :** मान लो कि मैंने अपना पेपर समय से पहले पूरा कर लिया है ओर आन्सर शीट जमा कर दी है। बाद में मुझे ध्यान आता है कि मैंने एक प्रश्न का जवाब गलत लिखा है। क्या मैं आन्सर शीट दोबारा ले सकता हूँ ?

**सीबीएसई:** हाँ, आप समय रहते हुए इनविजिलेटर से आन्सर शीट वापस देने के लिए रिक्वेस्ट )request) कर सकते है। परंतु अच्छा यह होगा कि आप आन्सर शीट समय समाप्त होने पर ही हैंड ओवर करें ताकि ऐसी समस्या ही न हो

**विद्यार्थी :** मैं बोर्ड परीक्षा से बहुत डरता हूं और पूरे साल पढाई करने के बावजूद, मुझमें आत्मविश्वास नहीं है। मैं बड़ी सिली मिसटेक्स भी करता हूँ। इसके लिए मैं क्या कर सकता हूं?

**सीबीएसई:** चिंता न करें| शांत रहें।गलतियों से बचने के लिए लिख कर अभ्यास करें। निर्धारित समय में ही सैम्पल पेपरों को हल करे इससे आप विषय-वस्तु को याद रख सकेंगे और आपका आत्मविश्वास बढेगा। प्रश्न को हल करने की जल्दबाजी न करें। प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें और शांति से हल करें। अभ्यास करते समय नियमित ब्रेक लें और आराम भी करें।

**विद्यार्थी:** मुझे परीक्षा देने में घबराहट होती है, क्या मेरे माता-पिता मेरे साथ परीक्षा केन्द्र में जा सकते है ?

**सीबीएसई:** नहीं, परीक्षा केन्द्र में माता-पिता को जाने की अनुमति नहीं है। वे परीक्षा केन्द्र के बाहर तो इंतजार कर ही सकते है।

**विद्यार्थी:** क्या परीक्षा के दौरान मुझे वाशरूम जाने दिया जाएगा ?

**सीबीएसई:** हाँ, परीक्षा के दौरान आपको एक इनविजिलेटर के साथ वाशरूम जाने की अनुमति होगी।

**विद्यार्थी:** क्या सीबीएसई की वेबसाइट पर कक्षा 10वीं और 12वीं का सिलेबस उपलब्ध है?

**सीबीएसई:** जी हां, कक्षा 10वीं और 12वीं का सिलेबस सीबीएसई की वेबसाइट www.cbseacademic.nic.in

**विद्यार्थी:** जब कोई अभ्यर्थी एक साल ड्राप कर देता है, तो अगले साल की परीक्षा के लिए कौनसा सिलेबस लागू होगा?

**सीबीएसई:** ऐसा छात्र जिस वर्ष परीक्षा के लिए उपस्थित होना चाहता है, उसे इसमें उसी वर्ष के निर्धारित सिलेबस के लिए उपस्थित होना होगा। छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे वेबसाइट पर उस शैक्षणिक वर्ष की उपलब्ध पाठ्यचर्या देखें।

**विद्यार्थी :** क्या कोई अभ्यर्थी कक्षा 10वीं या 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद अपने इम्प्रूवमेंट कर सकता है?

**सीबीएसई :** हां, ऐसे छात्र जिन्होंने कक्षा 10वीं/12वीं की परीक्षा उतीर्ण की है, वे एक या एक से अधिक विषयों में अपना इम्प्रूवमेंट कर सकते हैं, लेकिन केवल succeeding वर्ष में।

**विद्यार्थी :** क्या 10वीं और 12वीं में मुख्य परीक्षा और इम्प्रूवमेंट का मार्क स्टेटमेंट एक ही होगा?

**सीबीएसई :** नहीं, इम्प्रूवमेंट के लिए परीक्षा देने वाले छात्रों को केवल मार्क स्टेटमेंट जारी किया जाता है, जिसमें केवल इम्प्रूवमेंट परीक्षा में प्राप्त अंक दर्शाए जाते हैं।

**विद्यार्थी :** कक्षा 10वीं और 12वीं का छात्र कंपार्टमेंट परीक्षा कितनी बार दे सकता है?

**सीबीएसई:** कंपार्टमेंट वाले छात्र उसी वर्ष जुलाई/अगस्त में फिर से परीक्षा दे सकते हैं। उन्हें अगले साल फरवरी / मार्च / अप्रैल में दूसरा मौका भी मिलेगा और वे उस वर्ष जुलाई के महीने में आयोजित होने वाली कम्पार्टमेंट परीक्षा में तीसरा मौक़ा भी ले सकते हैं।

**विद्यार्थी :** कक्षा 12वीं उत्तीर्ण करने के लिए क्या मानदंड हैं?

**सीबीएसई :** एक छात्र को आंतरिक परीक्षा के अलावा उत्तीर्ण होने के लिए अध्ययन की योजना के अनुसार बाह्य परीक्षा के 05 विषयों में उत्तीर्ण होना होता है।

**विद्यार्थी:** क्या एक अभ्यर्थी अपने इम्प्रूवमेंट के साथ-साथ अतिरिक्त विषय की परीक्षा दे सकता है ?

**सीबीएसई:** नहीं, एक या अधिक विषयों में सुधार के लिए परीक्षा देने वाले छात्र एक साथ अतिरिक्त विषय के लिए परीक्षा नहीं दे सकते।

**विद्यार्थी:** क्या अंकों के सत्यापन या पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया के बाद अंक बढ़ या घट सकते हैं?

**सीबीएसई:** अंक सत्यापन की प्रक्रिया के बाद प्राप्त अंकों के अनुसार अंक बढ़ सकते हैं या कम हो सकते हैं और छात्रों को संशोधित परिणाम स्वीकार करना होगा।

**विद्यार्थी:** क्या अंकों के सत्यापन या पुनर्मूल्यांकन के बाद नई मार्कशीट जारी की जाती है?

**सीबीएसई:** हां, अंकों के परिवर्तन के मामले में एक नई मार्कशीट जारी की जाती है। यह पुरानी मार्कशीट जमा करने के बाद ही जारी की जाती है।

**विद्यार्थी:** क्या कक्षा 12वीं में थ्योरी और प्रैक्टिकल परीक्षा में अलग से पास होना अनिवार्य है?

**सीबीएसई:** बाह्य परीक्षा के प्रत्येक विषय में अर्हता अंक 33% हैं। हालाँकि, प्रक्टिकल कार्य वाले विषय में, उत्तीर्ण होने के लिए 33% कुल अंको के अतिरिक्त थ्योरी में 33% अंक और प्रक्टिकल में 33% अंक अलग से प्राप्त होने चाहिए।

**विद्यार्थी:** क्या सीबीएसई विशिष्ट रूप से सक्षम अभ्यर्थियों को कोई छूट देती है?

**सीबीएसई:** जी हाँ, इसके लिए आप www.cbse.nic.in वेबसाइट पर बोर्ड का परिपत्र दिनांक 12 अप्रैल, 2019 देखें।

**विद्यार्थी:** हम कक्षा 10 वीं / 12 वीं परीक्षा की उत्तर पुस्तिका की प्रतिलिपि कैसे प्राप्त कर सकते हैं?

**सीबीएसई:** बोर्ड द्वारा निर्धारित समय सीमा के अनुसार आवेदक उत्तर पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकता है। जानकारी के लिए कृपया परिणाम घोषित होने के समय हमारी वेबसाइट www.cbse.nic.in देखें।

**विद्यार्थी:** मैं स्टैण्डर्ड लेवल और बेसिक लेवल मैथ्स के सैंपल प्रश्न पत्र और प्रश्न पत्र डिजाइन कैसे प्राप्त कर सकता हूं?

**सीबीएसई:** ये www.cbseacademic.nic.in पर उपलब्ध हैं।

**विद्यार्थी:** क्या इम्प्रूवमेंट परीक्षा देने वाले छात्रों के लिए प्रैक्टिकल परीक्षा होगी? या वर्ष 2019 के उनके प्रैक्टिकल अंक माने जाएंगे?

**सीबीएसई:** वर्ष 2019 में परीक्षा देने वाले छात्रों के प्रक्टिकल अंक बोर्ड के पास उपलब्ध रिकॉर्ड से लिए जाएंगे। 2019 से पहले यानी 2018 या उससे पहले के छात्रों को आनुपातिक अंक दिए जाएंगे।